# अदाणी पोर्ट का फ्रांस के पोर्ट से समझौता

## भारत-यूरोप के बीच ट्रेड कनेक्टिविटी बढ़ेगी

**अहमदाबाद, 18 फरवरी. अदाणी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक जोन लिमिटेड और फ्रांस के बड़े बंदरगाहों में से एक मार्सिले पोर्ट ने बुधवार को सहयोग का ऐलान किया है. इसके जरिए दोनों कंपनियां पोर्ट इनोवेशन, व्यापार सुगमीकरण पर सहयोग को गहरा करने, ऊर्जा परिवर्तन और भारत-यूरोप ट्रेड कनेक्टिविटी पर ध्यान केंद्रित करेंगी.**



समझौता ज्ञापन में भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारे मार्ग पर स्थित प्रमुख बंदरगाहों के बीच समन्वय को मजबूत करने और भारत एवं यूरोपीय संघ के बीच संपर्क को सुदृढ़ करने के लिए एक आईएमईसी पोर्ट्स क्लब के निर्माण का प्रस्ताव है.

नई दिल्ली में 2023 के जी20 शिखर सम्मेलन में शुरू की गई, आईएमईसी एक 6,000 किलोमीटर लंबी बहुआयामी कनेक्टिविटी पहल है जो एकीकृत समुद्री मार्गों, रेल नेटवर्क, डिजिटल प्रणालियों और स्वच्छ ऊर्जा मार्गों के माध्यम से भारत और यूरोप को जोड़ती है.

एपीएसईजेड के पूर्णकालिक निदेशक और सीईओ अश्वनी गुप्ता ने कहा, 'भारत ने इस कॉरिडोर को आगे बढ़ाने में पहले ही नेतृत्व की भूमिका निभाई है, और भारत-ईयू मुक्त व्यापार समझौते के संपन्न होने के साथ, भाग लेने वाले देशों के बीच व्यापार में कई गुना वृद्धि होने की उम्मीद है.'

> मार्सिले फोस पोर्ट के सीईओ हरवे मार्टेल ने कहा, 'ऐसे समय में जब आईएमईसी कॉरिडोर एक निर्णायक चरण में प्रवेश कर रहा है, हम एपीएसईजेड के साथ अपनी साझेदारी को मजबूत करने से प्रसन्न हैं. भारत और मार्सिले इस भावी व्यापार मार्ग के दो छोरों पर स्थित हैं, जिससे दोनों बंदरगाहों पर इस नए मार्ग की संरचना और उसे सक्रिय करने की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी आ जाती है.' मार्टेल ने आगे कहा, 'हम मिलकर इसमें शामिल बंदरगाहों को एकजुट और एकीकृत करने का इरादा रखते हैं, और अपने क्षेत्रों के बीच अधिक कुशल, लचीले और टिकाऊ संपर्क के प्रबल समर्थक के रूप में कार्य करेंगे.

## रियल एस्टेट का बाजार लग्जरी की ओर

**नई दिल्ली.** कोरोना काल के बाद रियल एस्टेट बाजार में ग्राहक लौटे हैं, लेकिन इस समय नए प्रोजेक्ट प्रीमियम और लग्जरी सेगमेंट के हैं. निम्न-मध्यम वर्ग के लिए अफोर्डेबल हाउसिंग प्रोजेक्ट कम ही लॉन्च हो रहे हैं. रियल एस्टेट कंपनियों का ध्यान बजट में रहने वाले खरीदारों पर कम और उच्च-मूल्य वाले मकानों पर ज्यादा है, क्योंकि ऐसे खरीदार जल्दी निर्णय लेते हैं और बैंक लोन पर निर्भर नहीं होते.

गुलशन होम्स के प्रमोटर और क्रेडाई (नेशनल) प्रवक्ता दीपक कपूर के अनुसार लोग बजट में रहते हुए भी बेहतर लाइफस्टाइल वाले मकान चाहते हैं. इसलिए अपर-मिड सेगमेंट डेवलपर्स के लिए सबसे मुफीद बन गया है. प्रीमियम मकानों की कीमतों में बढ़ोतरी के कारण खरीदार अब ज्यादा सोच-विचार कर रहे हैं.

# एआई पर वैश्विक नियम जरूरी

## समान लाभ के लिए नीतिगत हस्तक्षेप आवश्यक : मुख्य आर्थिक सलाहकार

**नयी दिल्ली, 18 फरवरी केंद्र सरकार के मुख्य आर्थिक सलाहकार वी. अनंत नागेश्वरन ने डिजिटल उपनिवेशवाद के प्रति सचेत करते हुए बुधवार को कहा कि सरकार को कृत्रिम बुद्धिमत्ता के उपयोग की शर्तें निर्धारित करनी चाहिये.**

श्री नागेश्वरन ने यहां दलित इंडियन चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (डिक्की) के एक कार्यक्रम में कहा कि साल 2030 तक एआई के कारण वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में 15.7 लाख करोड़ डॉलर की वृद्धि हो सकती है. हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि इसका लाभ सबको समान रूप से मिले. उन्होंने कहा कि आज दुनिया में एआई में असमानता स्पष्ट है. मुख्य आर्थिक सलाहकार ने कहा कि दुनिया भर में नीति



निर्माताओं ने जहां इंतजार और सीमित नियमन की नीति अपनायी हुई है, वहीं प्रौद्योगिकी के वास्तुकार समाज की संरचना तय कर रहे है. उन्होंने कहा, 'प्रौद्योगिकी की नीति केवल तकनीकी विशेषज्ञों के हाथों में नहीं छोड़ी जा सकती. सरकारों और लोकतांत्रिक संस्थाओं का सिर्फ अधिकार ही नहीं दायित्व भी है कि वे एआई के उपयोग की शर्तों को निर्धारित करें.'

उन्होंने कहा कि कुछ गिने-चुने देश एआई पेटेंट, सुपरकंप्यूटिंग क्षमता और निजी निवेश पर प्रभुत्व रखते हैं.

> वर्तमान परिस्थितियों को 'डिजिटल उपनिवेशवाद' की संज्ञा देते हुए उन्होंने कहा कि पिछले तीन दशकों में रैम और स्टोरेज की लागत घटने से कंप्यूटिंग तक पहुंच में तेजी से इजाफा हुआ, लेकिन अब यह प्रवृत्ति उलट रही है. बड़ी कंपनियां प्रीमियम कीमत चुकाने में सक्षम हैं जिससे विशेष चिप्स, उच्च-प्रदर्शन वाले जीपीयू और उन्नत प्रोसेसिंग इकाइयों का इस्तेमाल अत्याधुनिक एआई मॉडलों के प्रशिक्षण के लिए हो रहा है और आम लोगों को इनका लाभ नहीं मिल पा रहा है. हार्डवेयर निर्माता उत्पादन बढ़ाने के प्रति अनिच्छुक दिख रहे हैं.

# गिरावट के बाद सोने-चांदी की कीमतों में तेजी

**सिल्वर 3.5 प्रतिशत से ज्यादा चढ़ा, सोने में भी उछाल**

**नई खरीदारी के चलते कमोडिटी बाजार में फिर से तेजी**

**मुंबई, 18 फरवरी. वैश्विक मैक्रो-इकॉनॉमिक ( आर्थिक ) कारणों के चलते सप्ताह के तीसरे कारोबारी दिन बुधवार को कीमती धातुओं यानी सोने और चांदी की कीमतों में तेजी देखने को मिली. इससे पहले लगातार दो सत्रों तक दोनों की कीमतों में गिरावट देखी गई थी. वहीं निवेशकों की नई खरीदारी के चलते कमोडिटी बाजार में फिर से तेजी आई.**



दिन के कारोबार में मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर अप्रैल डिलीवरी वाला सोना 1 प्रतिशत से ज्यादा उछलकर 1,53,554 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गया, जो दिन का उच्चतम स्तर है. वहीं मार्च डिलीवरी वाली चांदी करीब 4 प्रतिशत की तेजी के साथ 2,38,564 रुपए प्रति किलोग्राम के दिन के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई. एमसीएक्स पर अप्रैल वायदा सोना 0.95 प्रतिशत यानी 1,446 रुपए की तेजी के साथ 1,52,864 रुपए प्रति 10 ग्राम पर था, तो वहीं मार्च वायदा चांदी 3.71 प्रतिशत यानी 8,477 रुपए की उछाल के साथ 2,37,260 रुपए प्रति किलोग्राम पर कारोबार कर रही थी. अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने की कीमत 4,900 डॉलर प्रति औंस से नीचे फिसल गई. हालांकि अमेरिकी ट्रेजरी यील्ड में गिरावट से कुछ सहारा मिला, लेकिन कमोडिटी बाजार में निवेशकों का रुख सतर्क बना रहा.

बाजार विशेषज्ञों ने बताया अमेरिका और ईरान के बीच बातचीत में प्रगति से तनाव कम होने और अमेरिकी डॉलर के मजबूत होने से सोने की तेजी सीमित रही, क्योंकि इससे सुरक्षित निवेश (सेफ-हेवन) की मांग कम हो गई.



## ओपन एआई के साथ मेकमाईट्रिप का नया कदम

**नयी दिल्ली, 18 फरवरी** ऑनलाइन ट्रैवल कंपनी मेकमाईट्रिप ने ग्राहक आधार बढ़ाने के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता क्षेत्र की कंपनी ओपनएआई से करार किया है. मेकमाईट्रिप ने बताया कि वह एआई-आधारित ट्रैवल सर्च को और सशक्त बनाने तथा पर्यटन से संबंधित खोज को कैप्चर करने के लिए' ओपनएआई के साथ सहयोग करेगी. कंपनी अपने ऐप में नयी एआई सुविधाओं को सक्षम करने के ओपनएआई के एप्लिकेशन प्रोग्रामिंग इंटरफेस का उपयोग कर रही है, जिससे यात्री मेकमाई ट्रिप के मायरा इंटरफेस के भीतर ही संवाद करते हुए सीधे बुकिंग तक सहज रूप से पहुंच सकें.

# विक्टोरिस की सफलता पर भव्य समारोह

**ग्वालियर, 18 फरवरी ऑटोमोबाइल जगत में अपनी धाक जमाते हुए मारुति सुजुकी एरिना द्वारा आज एक भव्य 'विक्टोरिस मास डिलीवरी' कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इस गौरवशाली समारोह की शुरुआत सुबह 11:30 बजे अतिथियों के आत्मीय स्वागत और स्थानीय डीलरों द्वारा गणमान्य व्यक्तियों के अभिनंदन के साथ हुई.**

इसके तुरंत बाद रीजनल मैनेजर श्री अनुराग असोपा ने अपने स्वागत भाषण में कंपनी की उपलब्धियों को साझा किया और ग्राहकों के प्रति आभार व्यक्त किया. कार्यक्रम के दौरान ग्राहकों ने विक्टोरिस की तकनीकी श्रेष्ठता की जमकर सराहना की. विशेष रूप से इसके अंडरबॉडी सीएनजी विकल्प को ग्राहकों ने खूब सराहा, जो कि मिड-एसयूवी सेगमेंट में




> दोपहर के सामूहिक भोज के पश्चात, समारोह अपने मुख्य पड़ाव पर पहुँचा जहाँ तकरीबन 200 विक्टोरिस वाहनों की डिलीवरी का मुख्य सिलसिला शुरू हुआ. एक साथ इतनी बड़ी संख्या में हुई डिलीवरी ने न केवल उत्सव का माहौल पैदा किया, बल्कि बाजार में विक्टोरिस की मजबूत पकड़ और ग्राहकों के भरोसे को भी प्रदर्शित किया. यह आयोजन ग्राहकों के चेहरे पर मुस्कान और नए सफर की शुरुआत के वादे के साथ सफलतापूर्वक संपन्न हुआ.

अपनी तरह की पहली विशेषता है और बूट स्पेस की समस्या को पूरी तरह खत्म करती है. साथ ही, ग्राहकों ने इसके स्ट्रॉन्ग हाइब्रिड वेरिएंट्स के बेजोड़ माइलेज को भी सराहा, जो आज की पीढ़ी के लिए ईंधन दक्षता का एक नया मानक स्थापित कर रहा है. दोपहर तक चले इस कार्यक्रम में विभिन्न मनोरंजक गतिविधियों के माध्यम से ग्राहकों को बांधे रखा गया, जिसके बाद ग्राहकों ने उत्साहपूर्वक रेफरेंस कूपन भरे. कार्यक्रम का सबसे महत्वपूर्ण हिस्सा धन्यवाद प्रस्ताव रहा, जिसमें कंपनी के शीर्ष नेतृत्व ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई.

श्री अंकुर शर्मा (चीफ कमर्शियल ऑफिसर): उन्होंने ग्राहकों को परिवार का हिस्सा बनने पर बधाई दी. श्री हिमांशु शेखर (कमर्शियल बिजनेस हेड): उन्होंने कंपनी की भविष्य की योजनाओं और सेवा प्रतिबद्धता पर जोर दिया. इसके साथ ही, प्रेम मोटर्स से श्री चरणजीत नागपाल जी और निकुंज मोटर्स से श्री राम स्वरूप शिवहरे जी ने भी अपने विचार साझा करते हुए सभी आगंतुकों का धन्यवाद किया.

# इंडिगो और एक्सिस बैंक की क्रेडिट कार्ड साझेदारी




**नयी दिल्ली, 18 फरवरी निजी विमानन सेवा कंपनी इंडिगो ने एक्सिस बैंक के साथ दो को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड पेश करने की घोषणा की है.**

दोनों कंपनियों की साझा प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि इंडिगो एक्सिस बैंक क्रेडिट कार्ड और इंडिगो एक्सिस बैंक प्रीमियम क्रेडिट कार्ड रुपे और वीजा नेटवर्क पर उपलब्ध हैं. ग्राहकों को इंडिगो के लॉयल्टी प्रोग्राम 'इंडिगो ब्लूचिप' का भी लाभ मिलेगा. विज्ञप्ति में कहा गया है कि ग्राहक रोजमर्रा की खरीदारी और यात्रा से संबंधित लेनदेन पर सुविधाजनक और बिना किसी झंझट के रिवॉर्ड प्वाइंट अर्जित कर सकेंगे. इंडिगो की उड़ानों के टिकट बुक कराने और संबंधित खर्चों पर अधिक रिवॉर्ड मिलते हैं.

## क्रिप्टो बाजार में गिरावट जारी

**नई दिल्ली.** क्रिप्टोकरेंसी बाजार की शुरुआत साल 2026 में बहुत अच्छी नहीं रही और दबाव बढ़ने के कारण बिकवाली लगातार तेज़ हो रही है. दुनिया की प्रमुख क्रिप्टोकरेंसी बिटकॉइन, सोलाना और इथेरियम में भारी गिरावट देखी जा रही है. बिटकॉइन की कीमत अक्टूबर 2025 में 1,26,000 डॉलर तक पहुंच चुकी थी, लेकिन आज यह करीब 67,388 डॉलर पर आ गई है. इस प्रकार इस साल की शुरुआत से अब तक बिटकॉइन में लगभग 24 प्रतिशत से ज्यादा की गिरावट दर्ज की गई है.

# फॉक्सवैगन टेरॉन आर-लाइन भारत में लॉन्च

**नयी दिल्ली, 18 फरवरी. फॉक्सवैगन ने अपनी प्रीमियम तीन-सीटर एसयूवी, टेरॉन आर-लाइन, को भारत में लॉन्च करने की घोषणा की है. यह एसयूवी 19 फरवरी से भारतीय बाजार में उपलब्ध होगी. ब्रांड ने पहले ही इस मॉडल के लिए आरक्षण शुरू कर दिया था. इच्छुक ग्राहक अधिकृत डीलरशिप या फॉक्सवैगन की ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के माध्यम से पचास हजार एक सौ रुपये की टोकन राशि जमा कर सकते हैं.**



टेरॉन आर-लाइन भारत में ही असेंबल की जाएगी और यह एमक्यूबी ईवीओ ढांचा पर आधारित है, जिसे यह टिगुआन आर-लाइन के साथ साझा करती है. इसमें दो-लीटर टीएसआई पेट्रोल इंजन है जो दो सौ चार अश्वशक्ति और तीन सौ बीस न्यूटन मीटर खिंचाव शक्ति उत्पन्न करता है. इसके साथ सात गति वाला डीएसजी गियरबॉक्स और चार-पहिया संचालित प्रणाली भी है. फॉक्सवैगन का दावा है कि यह एसयूवी केवल सात दशमलव तीन सेकंड में शून्य से सौ किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार पकड़ सकती है और इसकी अधिकतम गति दो सौ चौबीस किलोमीटर प्रति घंटे है.

बाहरी रूप में टेरॉन आर-लाइन में आईक्यू प्रकाश एचडी मैट्रिक्स हेडलाइट्स, आर-लाइन डिज़ाइन तत्व, उन्नीस इंच के मिश्रित धातु पहिये, और आगे-पीछे प्रकाशमान प्रतीक चिन्ह दिए गए हैं.

# तेजी के साथ बंद हुआ शेयर बाजार

## सेंसेक्स 283.29 अंक ऊपर, निफ्टी 50 हरे निशान में बंद

**मुंबई, 18 फरवरी.** भारतीय शेयर बाजार बुधवार को मजबूत बढ़त के साथ बंद हुआ, जिसमें प्रमुख सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी दोनों ने तेज उछाल दिखाया. बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज का 30-शेयर सूचकांक सेंसेक्स 283.29 अंक यानी 0.34 प्रतिशत की बढ़त के साथ 83,734.25 अंक पर बंद हुआ, जबकि नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 50 सूचकांक 93.95 अंक यानी 0.37 प्रतिशत की तेजी के साथ 25,819.35 अंक पर बंद रहा. इस तरह बाजार लगातार तीसरे दिन भी



सकारात्मक मोड में रहा. तेजी के पीछे घरेलू शेयर बाजार में धातु, सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक और वित्तीय शेयरों में खरीदी बढ़ने का योगदान रहा. निवेशकों ने जोखिम लेने के दृष्टिकोण के साथ इन क्षेत्रों में आकर्षक रिटर्न की उम्मीद में खरीदारी की, जिससे कुल मिलाकर बाजार में मजबूत धारणा बनी रही.

**समाचार विशेष**

# पांच साल बाद मिले पिता-पुत्र

## तस्वीर ने तोड़ा सन्नाटा! भरतपुर की राजनीति में मच गई हलचल

**भरतपुर. राजनीतिक गलियारों में लंबे समय से चर्चा का विषय बने पिता-पुत्र के रिश्ते को लेकर आखिरकार एक भावनात्मक मोड़ देखने को मिला है. करीब पांच साल से चले आ रहे पारिवारिक और राजनीतिक विवाद के बाद पूर्व मंत्री विश्वेंद्र सिंह और उनके बेटे अनिरुद्ध सिंह की मुलाकात हुई है.**



इस मुलाकात को खुद विश्वेंद्र सिंह ने सार्वजनिक किया और सोशल मीडिया पर बेटे के साथ अपनी तस्वीर साझा करते हुए इसे 'सुखद मुलाकात' बताया. इसके बाद बेटे अनिरुद्ध सिंह की ओर से किया गया हल्का-फुल्का लेकिन सटीक व्यंग्य भरा पोस्ट भी चर्चा में आ गया है.

यह घटनाक्रम भरतपुर की राजनीति और सामाजिक हलकों में खासा ध्यान खींच रहा है, क्योंकि पिता-पुत्र के बीच मतभेद किसी से छिपे नहीं रहे हैं.

विश्वेंद्र सिंह और उनके बेटे अनिरुद्ध सिंह के बीच बीते करीब पांच साल से रिश्तों में खनक की चर्चा होती रही है. राजनीतिक मतभेद, पारिवारिक दूरी और अलग-अलग सार्वजनिक बयानों के चलते दोनों के बीच संवाद लगभग बंद माना जा रहा था.

> **विश्वेंद्र सिंह का भावनात्मक संदेश**
>
> विश्वेंद्र सिंह ने सोशल मीडिया पर बेटे अनिरुद्ध के साथ फोटो पोस्ट करते हुए लिखा कि बेटे अनिरुद्ध से सुखद मुलाकात हुई. पोस्ट में शब्द कम थे, लेकिन भावनात्मक संकेत साफ नजर आए. इस एक लाइन के संदेश ने वर्षों से चले आ रहे विवाद के बीच एक सकारात्मक संकेत जरूर दिया. समर्थकों और जानकारों का मानना है कि यह मुलाकात केवल पारिवारिक नहीं बल्कि राजनीतिक दृष्टि से भी अहम मानी जा रही है.

# बरनाला की राजनीति में बदलाव शुरू

## गुरदीप बाठ की नीली पगड़ी ने उड़ाई विरोधियों की नींद

**बरनाला. पंजाब विधानसभा चुनाव-2027 अभी दूर हैं, लेकिन बरनाला की राजनीतिक फिजा में अभी से बदलाव की हवाएं चलनी शुरू हो गई हैं.**

राज्य की राजनीति में अकाली-भाजपा गठबंधन की चर्चाओं के बीच बरनाला निर्वाचन क्षेत्र में एक नया राजनीतिक समीकरण उभर रहा है. आम आदमी पार्टी से बागी होकर उप चुनाव में धमाल मचाने वाले गुरदीप सिंह बाठ के बदले हुए स्वरूप और नीली पगड़ी ने राजनीतिक गलियारों में नई चर्चा छेड़ दी है. शिरोमणि अकाली दल के वर्तमान हलका प्रभारी कुलवंत सिंह कीतू पिछले लंबे समय से अपनी दावेदारी मजबूत करने के लिए एड़ी-चोटी का जोर लगा रहे हैं. हाल ही में उन्होंने पार्टी अध्यक्ष सुखबीर सिंह बादल की उपस्थिति में कार्यकर्ताओं का बड़ा इकट्ठा करके अपना शक्ति प्रदर्शन किया था.




हालांकि, सुखबीर बादल द्वारा दिए गए एक बयान ने कीतू खेमे में हलचल पैदा कर दी है. बादल ने संकेत दिया कि बरनाला में आम आदमी पार्टी रूपी बीमारी के इलाज के लिए किसी कड़ी दवा के स्प्रे की जरूरत है.

# चिट्ठी में भीतरघात और शादी में मुलाकात



**जयपुर. राजस्थान की राजनीति में अंता उपचुनाव और उसके बाद वायरल हुई समीक्षा रिपोर्ट को लेकर चर्चाओं में रहने वाले भाजपा नेता मोरपाल सुमन के घर खुशियों का माहौल है. मौका था उनके छोटे बेटे निर्मल के विवाह के आशीर्वाद समारोह का, जहां गुरुवार रात बारां के रघुनाथ रिसोर्ट में भाजपा के कई दिग्गज नेता एक साथ नजर आए.**

इस दौरान पार्टी नेताओं की आपसी मुलाकात और एकजुटता सियासी गलियारों में चर्चा का विषय बनी हुई है. समारोह में बारां-झालावाड़ सांसद दुष्यंत सिंह विशेष रूप से शिरकत करने पहुंचे. उन्होंने नवविवाहित जोड़े निर्मल और रेखा को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं और आशीर्वाद दिया. मोरपाल सुमन, जो कि बारां पंचायत समिति के प्रधान भी हैं, उन्होंने सांसद और अन्य अतिथियों का गर्मजोशी से स्वागत किया.

**विवादों के बीच दिखी पार्टी की मजबूती-** हाल ही में अंता उपचुनाव के बाद सोशल मीडिया पर एक विवादित चिट्ठी वायरल हुई थी, जिसने राजस्थान भाजपा के भीतर खलबली मचा दी थी. इस चिट्ठी के कारण मोरपाल सुमन को प्रदेश नेतृत्व की ओर से नोटिस भी जारी हुआ था. बेटे की शादी के इस जश्न में भाजपा संगठन उनके साथ मजबूती से खड़ा नजर आया. सांसद दुष्यंत सिंह के साथ बारां भाजपा जिलाध्यक्ष नरेश सिंह सिकरवार, पूर्व जिलाध्यक्ष जगदीश मीणा, जिला महामंत्री राकेश जैन और संगठन के कई अन्य पदाधिकारी एक ही मंच पर नजर आए, जिसे पार्टी की एकजुटता के तौर पर देखा जा रहा है. शादी समारोह में भाजपा नेताओं की लंबी फेहरिस्त मौजूद रही. इसमें महावीर सिंह हाड़ा, मुकेश केरवालिया, जयेश गालव, हेमंत नागर, दिलीप शाक्यवाल, योगेश राजौरा और रोहित नायक सरकार सहित कई जनप्रतिनिधि और प्रशासनिक अधिकारी शामिल हुए. वहीं, सियासी चर्चाओं के बीच कुछ स्थानीय विधायकों की अनुपस्थिति भी नोटिस की गई, जो चुनाव के दौरान मोरपाल सुमन के साथ सक्रिय थे.

> **चर्चा में है यह मुलाकात**
>
> मोरपाल सुमन अंता उपचुनाव के बाद से ही सूबे की राजनीति में सुर्खियों में हैं. चुनाव हारने के बाद वायरल हुई भीतरघात की चिट्ठी ने पार्टी के भीतर दो-फाड़ जैसी स्थिति पैदा कर दी थी. ऐसे में बेटे के विवाह समारोह में सांसद दुष्यंत सिंह और भाजपा के प्रमुख पदाधिकारियों का पहुंचना और मोरपाल सुमन से मुलाकात करना, जिले की राजनीति में एक नया संदेश दे रहा है.

**विशेष** 80 फीसदी विधायक तैयार, अजित के करीबी के दावे से मची हलचल

# एनसीपी विलय का रास्ता साफ!

**मुंबई. डिप्टी सीएम अजित पवार के निधन के बाद राकां के दोनों गुटों के विलय की मांग जोर पकड़ रही है. हालांकि अभी तक शरद पावर गुट के नेता इस पर मुखर होकर बोल रहे थे. जबकि अजित पवार गुट के सीनियर नेता इससे भाग रहे थे लेकिन अब अजित के करीबी विधायक हिरामन खोसकर ने दावा किया है कि हमारी पार्टी के 80 प्रतिशत विधायक विलय के लिए तैयार हैं.**



उनके मुताबिक जिस दिन सुनेत्रा पवार ने डिप्टी चीफ मिनिस्टर के तौर पर शपथ ली थी. उस दिन राकां के दोनों गुटों के विलय पर भी चर्चा हुई और 40 में से 30-35 विधायक इसके लिए तैयार थे. उन्होंने कहा कि वे जल्द ही डिप्टी सीएम सुनेत्रा पवार से मिल कर दोनों गुटों के विलय की सिफारिश करेंगे. वे इस बारे में पार्टी के सीनियर नेता सुनील तटकरे और प्रफुल पटेल से भी रिक्वेस्ट करेंगे.

**छोटे पवार संभालने वाले थे कमान-** राकां शरद पवार गुट के प्रदेश अध्यक्ष शशिकांत शिंदे ने दावा किया है कि 17 जनवरी को हुई मीटिंग में राकां के दोनों गुटों के विलय की बातचीत फाइनल हो गई थी और तत्कालीन डिप्टी सीएम अजित पवार पार्टी की कमान संभालने वाले थे. उन्होंने पार्टी की साप्ताहिक पत्रिका में लिखे गए एक लेख में कहा है कि विलय के बाद पार्टी का पूरा नेतृत्व अजित पवार को सौंपने का फैसला लिया गया था.

**बीजेपी से पूछना पड़ेगा : तटकरे-** राकां अजित पवार गुट के प्रदेश अध्यक्ष सुनील तटकरे ने शिंदे को फटकारते हुए कहा कि विलय जैसे संवेदनशील मुद्दे पर पब्लिक में ऐसा बयान देना ठीक नहीं है. उन्होंने कहा कि अजित पवार का भारतीय जनता पार्टी में शामिल होने का रुख कई साल पुराना है. उन्होंने 2014, 2016 और 2019 के समय भी भाजपा के साथ हाथ मिलाने की सिफारिश की थी. 2019 में भी यह बातचीत फाइनल स्टेज में थी. अजित पवार का मानना था कि बीजेपी और राकां महाराष्ट्र को एक स्थिर सरकार दे सकती है और केंद्र से भी मदद मिल सकती है. फिलहाल हम लोग बीजेपी की अगुवाई में बनी एनडीए में शामिल हैं. ऐसे में राकां के दोनों गुटों के विलय के लिए बीजेपी से पूछना पड़ेगा. शिंदे ने कहा कि यह फैसला हम लोगों ने काफी सोच-समझकर लिया था.

> **अनुभवी नेताओं की जरूरत**
>
> विधायक खोसकर ने कहा है कि हमें अनुभवी नेताओं के मार्गदर्शन की जरूरत है. अगर दोनों गुटों का विलय हो जाता है तो हमें शरद पवार जैसे अनुभवी के अलावा जयंत पाटिल, बालासाहेब पाटिल व राजेश टोपे जैसे नेताओं का साथ मिलेगा. इससे राकां और भी मजबूत होगी.